UGC - CARE LISTED

ISSN: 0974-8946

अनुसन्धान-प्रकाशन-विभागीया त्रैमासिकी शोध-पत्रिका

# शोध-प्रभा

(A Refereed & Peer-Reviewed Quarterly Research Journal)

45 वर्षे द्वितीयोऽङ्कः ( अप्रैलमासाङ्कः ) 2020

प्रधानसम्पादकः

प्रो.रमेशकुमारपाण्डेयः

कुलपतिः

सम्पादकः

प्रो.शिवशङ्करमिश्रः

सहसम्पादकः

डॉ.ज्ञानधरपाठकः

## विषयानुक्रमणिका

### संस्कृतविभागः


| | | |
|---|---|---|
| 1. अर्थनिर्धारणे वैदिकस्वराणां वैशिष्ट्यम् | **प्रो. रामानुज उपाध्यायः** | 1–4 |
| 2. आइ.ए.रिचर्ड्सप्रतिपादितानां काव्यशास्त्रीयसिद्धान्तानां विमर्शः | **प्रो. सुमनकुमारझाः** | 5–15 |
| 3. न्यायवैशेषिकदर्शनयोः लौकिकन्यायानां शिक्षणप्रविधिरूपेण प्रयोगः | **डॉ. अनीता राजपालः** | 16–24 |
| 4. मेघदूते स्त्रीवाचकपदानां वैशिष्ट्यम् | **डॉ. बी. बी. त्रिपाठी** | 25–30 |
| 5. श्रीमद्वाल्मीकिरामायणे राजपोषितानि वनान्युपवनानि च | **डॉ. गोपालकुमारझा** | 31–37 |
| 6. सहशब्दशक्तिनिर्णयः व्युत्पत्तिवाददिशा | **डॉ. बालमुरुगुन् रविचन्द्रः** | 38–45 |
| 7. वेदविज्ञाने षोडशकलः | **डॉ. लक्ष्मीकान्तविमलः** | 46–55 |
| 8. पुराणवाङ्मये वर्णितानां सदाचाराणां विश्लेषणम् | **श्रीमतिः प्रियंवदा काफ्ले** | 56–72 |
| प्रमाणमञ्जर्यामिन्द्रियाणां स्वरूपविमर्शः | **श्रीनवीनकुमारः** | 73–77 |

आदौ लौकिकसंस्कृतस्य स्वरोच्चारणकृतं वैलक्षण्यं कथमर्थवैशिष्ट्यं जनयतीति विचार्यते ''नद्यां यान्ति पतत्रिणः''[1] वाक्येस्मिन् स्वरव्यवधानेन उच्चारितयोः सतोः पतत्रिणः द्यां (दिवं) न यान्ति (गच्छन्ति) इत्यर्थोऽवगम्यते। एवं यदा नदीशब्दस्य सप्तम्येकवचने (नद्यामिति) समुच्चारणे तु पतत्रिणः सरिति गच्छन्ति इत्यर्थभेदः स्फुटो भवति। तदेतत् स्वरोच्चारणकृतमेव वैलक्षण्यम् अर्थवैशिष्ट्यं जनयति। अथापि "अजरामरताकस्य नायोध्येव पुरी प्रिया"[2] अस्येदं तात्पर्य- अवृद्धत्वं अमरत्वंच कस्य न प्रियं भवति। अर्थात सर्वेषां प्रियं भवति कथं? अयोध्यापुरीव इति प्रतीतिपथमवतरति। एवं यदा अज + राम + रता इति पदच्छेदपूर्वकं समुच्चारणं क्रियते तदा अजेन [रघुपुत्रेण] रामेण [दशरथपुत्रेण] रता अनुरक्ता अयोध्यापुरी सर्वेषां प्रिया भवति। अत्रापि स्वरभेदेन समुच्चारणे नूनमेव अर्थवैशिष्टयं प्रकाश्यते।

यथा लोके स्वरभेदात् ध्वनिभेदात् च अर्थभेदः अक्षिलक्षी भवति तथैव वेदेऽपि प्रत्यक्षमीक्षताम्। शुक्ल यजुर्वेदस्य षष्ठे अध्याये-: वाचन्ते शुन्धामि[3] "इति मन्त्रस्य अन्ते चरित्राँस्ते शुन्धामि इतिपदमायाति। अत्र चर् धातोः करणे इत्र प्रत्ययः यदा इष्यते तदा चरति अनेन तत् चरित्रं चरित्रान् पादान् इत्यर्थः। अमुमेवार्थं स्वीकृत्य आचार्यमहीधरेण- चरन्ति गच्छन्ति एभिरिति चरित्राः पादाः इत्यभाणि[4]। अत्र इत्र प्रत्ययस्य आद्युदात्तत्वात् चरित्र शब्दो मध्योदात्तो भवति एतेनैव स्वरेण चरित्र शब्दस्य पादाभिधोऽर्थः स्फुटो भवति। यदा चर् धातोः औणादिकेन सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्[5] इत्यनेन "ष्ट्रन्" प्रत्यये इडागमे च सति भाववचनः चरित्र शब्दो निष्पाद्यते तदा इडागमस्य अनुदात्तत्वात् "ष्ट्रन्" प्रत्ययस्य नित्वाद् आद्युदात्तः चरित्र शब्दो भवति। यस्य चार्थः सदाचारः। एतन्माहात्म्यं वैदिक स्वरस्यैव अस्ति येन स्वरभेदेन अर्थवैशिष्ट्यं सुतरां समवलोक्यते।

अथापि-शुक्ल यजुर्वेदस्य प्रथमे मन्त्रे अघ्न्या[6] इति पदं प्रयुक्तमस्ति। इत्यत्र संबोधनान्तं पदमिदं स्वीक्रियते तदा सर्वानुदात्तः आमन्त्रितत्त्वात्। अस्यचायमर्थः- हे अघ्न्या (हन्तुमयोग्या) गावः इन्द्रस्य भागं दधिरूपहेतुभूतं क्षीरमाप्यायध्वम्। यदा अयं शब्दः प्रथमा द्वितीया विभक्तेः बहुवचने कल्प्यमाने तु आमन्त्रित निघातस्य सर्वथा अभावो जायते तेन- हे मनुष्याः गाः आप्यायध्वमिति अर्थो भवति। मन्त्रे स्वरविरोधात् नेहायमर्थः यतः स्वर एव अर्थविधौ बलवत्प्रमाणं, तस्मात् भाष्यकारादीनामनुरोधेन संबोधनान्तमेवपदमिदं सिद्धमस्ति। अथापि प्रसिद्धमिदं वैदिकंवाक्यं- इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व[7]। अत्र स्वरदोषदुष्टत्वात्

1. चन्द्रालोकः मयूखः 2/39
2. चन्द्रालोकः मयूखः 5/64
3. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 6/14
4. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 6/14
5. [illegible] 608।

मन्त्रोऽयम् यजमानमेव हिंसितवान। अस्येदं तात्पर्य यत् प्रमादवशेन अन्तोदात्तस्य स्थाने आद्युदात्तो जात: येन अर्थविपर्यये सति दुष्प्रभावो जात:। समासेन आख्यायिका एवमस्ति- इन्द्र: त्वष्टु: पुत्रं विश्वरूपाख्यं जघान, तेन क्रुद्ध: त्वष्टा स्वसोमयागे इन्द्रं न उपाह्वयत्। इन्द्रश्च यज्ञविघ्नं सम्पाद्य बलात् सोमं पत्वा जगाम। तत: क्रुद्ध: त्वष्टा अवशिष्टेन सोमरसेन इन्द्रस्य अभिचारं कर्तुं "स्वाहेन्द्रशत्रुर्वर्धस्व"[1] इत्यनेन मन्त्रेण अजुहोत्। मन्त्रस्यास्य इदं तात्पर्य- यत् भो उत्पत्स्यमानपुरुष! इन्द्रस्य घातक: त्वं वर्धस्व। अत्र शत्रु शब्दस्य अर्थ: घातक: शातयिता वा अस्ति। अस्मिन् अर्थे तत्पुरुष समासो भवति। तेन वाक्यमिदमन्तोदात्तेन भवितव्यम्। विग्रह:- इन्द्रस्य शत्रु: इन्द्रशत्रु:। अस्यां स्थितौ वृत्र एव इन्द्रस्य घातक: शातायिता वा समभविष्यत। एतेन च तदभीष्टं सिध्येत। अर्थात् अन्दोदात्त: स्यात् अस्यां दशायां इन्द्रशत्रु: इत्यत्र त्रु इत्यस्य उकार: उदात्त: स्यात्। पुत्रशोकेन परञ्च त्वष्टा क्रोधान्ध: आसीत्। अस्य फलं गीतायाम् एवमुक्तमस्ति "क्रोधात् भवति सम्मोह:, सम्मोहात् स्मृतिविभ्रम:। स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात प्रणश्यति[2]"। अस्यां स्थितौ अन्तोदात्तस्य स्थाने इन्द्रपद घटित इकारस्य उदात्तं तेन कृतम् एतेन आद्युदात्तम् इन्द्रशत्रुरिति पदं जातम्। अस्यां स्थितौ बहुव्रीहि समासो भवति। विग्रह:-इन्द्र: शत्रु: घातको यस्य स इन्द्रशत्रु:। बहुव्रीहिसमासे शत्रु शब्दस्य इन्द्र शब्देन सह सामानाधिकरण्यात् इन्द्र: शातयिता भवति। एतेन इन्द्र एव वृत्रं जघान। "बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्" इतिवचनात् पूर्वपदप्रकृतिस्वरो विधीयते। अनेन आद्युदात्तोच्चारणेन वध्यो वृत्र: इन्द्रेण। तस्मात् वेदमन्त्रोच्चारणे अस्माभि: सर्वदा सावधानेन भवितव्यम्। आद्युदात्तस्य स्वरूपं-इन्द्रेशत्रु अन्तोदात्तस्यस्वरूपं इन्द्रशत्रु निष्कर्षत: अन्तोदात्तस्य स्थाने अद्यादात्तस्य उच्चारणेन अर्थभेदोजात:।

अथापि आशो, आशो अत्र प्रथम: आद्युदात्त: आशाशब्द: दिग्वाचक:-यथा सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु[3]। अथ च द्वितीय: अन्तोदात्त: अभिलाषवाची। यथा- यामाशामेभि कंवली सा मे अस्तु[4]।

**अर्य: अर्य:**- अत्र प्रथम: अन्तोदात्त: अर्य: शब्द: स्वामिनि अर्थे भवति यथा- यो अर्यो मर्तभोजनं परा ददाति। द्वितीय: आद्युदात: वैश्य वर्ण वाचक: यथा-यच्छूद्रे यदर्ये। **कृष्णे:' कृष्ण:**- अत्र प्रथम: आद्युदात: कृष्ण शब्द: मृगवाची। यथा कृष्णोस्याखरेष्ठ:[5]। एवं द्वितीय: अन्तोदात्त: कृष्ण: वर्णविशेषवाची। यथा श्वाकृष्ण:[6]।

---

1. तैत्तिरीयसंहिता2/4/12
2. गीता 2/63
3. अथर्ववेदसंहिता 10/7/2
4. ऋग्वेदसंहिता 8/9/17
5. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता2/1
6. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 24/40
7. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 2/2।

**वेदे:' वेद:**- अत्र प्रथम: आद्युदात्तो वेद शब्द: ऋग्वेदादिसंहिताचतुष्टयवाची यथा- "वेद: पृष्ट: शचीपते"। अथ च द्वितीय: अन्तोदात्तो वेद: कुशमुष्टिवाचक: यथा- वेदोऽसियेनत्वन्देव[१]। **क्षय:' क्षय:**- अत्र प्रथम: आद्युदात्त: क्षय: निवासार्थक: क्षयोनिवासे "निवासार्थे उदात्तविधानात्। यथा यस्य क्षयोय जिन्वथ[१]। एवं निवासभिन्ने अर्थे तु "एरच्"[२] इति सूत्रेण अच् प्रत्यये कृते चित्स्वरेण अन्तोदात्त: क्षय: विनाशार्थक:। अस्योदाहरणं वेदे प्रायेण नावलोक्यते। अथापि **अणु:' अणु:**- इमावपि शब्दौ स्वरभेदेन अर्थभेदं व्यङ्त:। आद्युदात्त: अणु' शब्द: धान्यविशेषस्य वाचक: अण् धातो: "धान्येनित्"[३] इत्यनेन नित्वात् विधीयमान: उ प्रत्यय: आद्युदात्तत्वं प्रयोजयति यथा प्रियङ्ग- वश्चमेऽणवश्चमे[४]। लेशार्थक: अणु शब्द: अन्तोदात्तो भवति

एवमेव मात्रा शब्द: आद्युदात्त: परिमाणवाचक: यथा "कस्य मात्रो न विद्यते"[५] एवं अन्तोदात्त: मात्रा शब्द: मातृ शब्दस्य तृतीया विभक्ते: प्रथमैकवचने मात्रा इति रूपं प्रसिध्दमेव। अथापि अस्य इति पदं वेदेषु द्विधा उपलभ्यते अन्तोदात्त: सर्वानुदात्तश्च यथा अस्य अस्य। तत्र अन्तोदात्त: इदं शब्दस्य षष्ठ्येकवचने भवति यथा "अस्य वामस्य पलितस्य होतु:"[६]। एवं पुन: कथने "अन्वादेशे" तु अस्येति शब्द: सर्वानुदात्तो भवति। यथा "तृतीयो भ्राता घृतपृष्ठो अस्य"[७]। अतएव निरूक्तकारेण उक्तं अस्या इति च अस्य इति चोदात्तं प्रथमादेशे अनुदातमन्वादेशे। तीव्रार्थतरमुदात्तम् अल्पीयार्थतरमनुदात्तम्[८]।

तदित्थं वेदेषु अर्थनिर्धारणम् उदात्तादि स्वरेणैव भवति इति सिद्धान्त:। वेदार्थनिर्धारणे स्वराणां इयान् महिमा वर्तते। स्वर विपर्ययेन महान अनर्थ: भवति। अतएव वेदाध्ययनं मन्त्रोच्चारणं वा अत्यन्तं सावधानेन कर्तव्यम्। तस्मादेव स्वाध्यायोऽध्येतव्य: इत्यत्र नियम विधि: स्वीक्रियते। अर्थात् गुरुमुखोच्चारणानुच्चारण पूर्वकमेव वेदाध्ययनं विधेयम्। इयमेव प्राचां परम्परा सांप्रतमपि सांप्रतमस्ति। अथ च सस्वरवेदाध्ययनस्य फलम्- उक्तमाचार्ययास्केन "स्थाणुरयंभारहार: किलाभूत, अधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्। योऽर्थज्ञ इत सकलंभद्रमश्नुते. नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा[९]। अन्ते च अक्षरराशिरुपं भगवन्तं वेदं संप्रणम्य विस्तरात् विरम्यते।

1. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 11/52
2. पाणिनीयसूत्रम् 3/3/56
3. पाणिनीयसूत्रम् 6/9/1
4. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 18/12
5. यजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहिता 23/47
6. ऋग्वेदसंहिता1/164/1
7. ऋग्वेदसंहिता [illegible]

RNI-UTTHIN/2013/51284

हिन्दी अर्द्धवार्षिक

ISSN-0975-8739

# जयराम संदेश
# Jairam Sandesh

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकित शोध-पत्रिका

A Peer Reviewed, Refereed Research Journal



## द्वादश ज्योतिर्लिङ्ग विशेषांक

₹ 50/-

धर्म-दर्शन-अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत

जून 2021 | वर्ष 09 अंक 01

हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

RNI-UTTHIN/2013/51284

हिन्दी अर्द्धवार्षिक ISSN-0975-8739

# जयराम संदेश
# Jairam Sandesh

धर्म–दर्शन–अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत

A Peer Reviewed, Refereed Research Journal

जनवरी–जून
2021 ई.
विक्रम सम्वत् 2078

वर्ष : 09 अंक : 01

संरक्षक :

**प. पू. ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी**
**परमाध्यक्ष : जयराम संस्थाएँ**

**

**परामर्शदातृ मण्डल**

प्रो० वशिष्ठ त्रिपाठी (वाराणसी)
डॉ० रामभद्रदास श्रीवैष्णव (प्रयाग)
प्रो० रमेश कुमार पाण्डेय (दिल्ली)
प्रो० हरेराम त्रिपाठी (दिल्ली)
प्रो० रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर)

**

सम्पादक

**डॉ. शिवशङ्कर मिश्र**
मोबाइल नं. 9456328499
ई-मेल : shivshankarmishra74@gmail.com

**

**शोधपत्र परीक्षक मण्डल**

प्रो० जे.के. गोदियाल (पौड़ी)
प्रो० राम बहादुर शुक्ल (जम्मू)
डॉ० रामनारायण द्विवेदी (दिल्ली)
डॉ० दिनेश कुमार गर्ग (वाराणसी)
डॉ० रामविनय सिंह (देहरादून)
डॉ० रामरतन खण्डेलवाल (हरिद्वार)

**

प्रूफ संशोधक
मनमुदित नारायण शुक्ल

**

**प्रकाशक :**
**श्री जयराम आश्रम**
भीमगोड़ा, हरिद्वार – 249401 (उत्तराखण्ड)
मोबाइल नं. 01334-260251
ई-मेल : jairamsandesh@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा भार्गव प्रिंटर्स, निकट ललतारौ पुल, जनपद-हरिद्वार, उत्तराखण्ड से मुद्रित एवं श्रीजयराम आश्रम भीमगोड़ा, जनपद हरिद्वार से प्रकाशित
सम्पादक : डॉ. शिवशंकर मिश्र

## अनुक्रम

आशीर्वचन

सम्पादकीय

शिवतत्त्व का महत्त्व एवं उसकी वैश्विकता..... प्रो० अभिराज राजेन्द्र मिश्र..........1

ज्योतिर्लिङ्ग का वैदिक स्वरूप..........प्रो० रामानुज उपाध्याय..........5

ज्योतिर्लिङ्गों में शिवतत्त्व..........प्रो० छायारानी..........7

शिवमहापुराण में द्वादश ज्योतिर्लिंग..........प्रो० मिनति रथ..........13

सोमनाथ मन्दिर..........डॉ0 मार्कण्डेय नाथ तिवारी..........17

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का पौराणिक..........डॉ0 द्वारिका प्रसाद नौटियाल..........20

उज्जयिन्यां महाकाल:..........देवानन्द शुक्ल /प्रीति शुक्ला..........23

अद्भुत ज्योतिर्लिंग है ओंकारेश्वर..........प्रो० रामराज उपाध्याय..........26

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग : अमरेश्वर महादेव...डॉ0 रज्जन कुमार..........28

वैद्यनाथ–धाम : मनोकामना ज्योतिर्लिंग.......डॉ० सुनीता कुमारी..........31

वैद्यनाथ मंदिर का ऐतिहासिक..........डॉ0 धनंजय शर्मा..........34

द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में भीमाशंकर..........अंकित मनोड़ी..........38

द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में रामेश्वरम्..........डॉ० आशुतोष गुप्त /तनुजा..........41

नागेशं दारुकावने..........डॉ० कीर्तिवल्लभ शक्टा..........46

नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव तथा..........डॉ० विनोद कुमार उनियाल..........47

काशी–विश्वनाथ..........प्रो0 कमला चौहान/अंजली.......... 50

नाथयोग में भगवान् विश्वनाथ..........महाबीर शुक्ल..........57

ज्योतिर्लिंगों में महिमा विश्वनाथ..........डॉ० अनिलानन्द..........60

लिंगोत्पत्ति और उनके स्वरूप..........जगद्गुरु स्वामी विदेह जी महाराज..........62

हिमालये तु केदारम्..........डॉ0 लज्जा पन्त (भट्ट)..........65

धार्मिक यात्रा का एक प्रमुख केन्द्र.......... प्रो० पुष्पा अवस्थी/ मनोज जोशी..........69

ज्योतिर्लिंग केदारनाथ..........नन्दिनी कोटियाल/ प्रो० कमला चौहान...74

उत्तराखण्डस्थ पञ्चकेदार..........डॉ० आशुतोष गुप्त/राजमोहन..........78

ज्योतिर्लिङ्गों में पशुपतिनाथ..........डॉ० तारादत्त अवस्थी..........92

शिवसूचना का वैश्विक स्रोत..........डॉ० राजेश कुमारी मिश्र..........96

द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों के स्वामी शिव..........विजय गुप्ता..........99

पुराणों में ज्यातिर्लिङ्ग की उत्पत्ति..........डॉ० व्रजेन्द्र कुमार सिंहदेव..........103

जयराम आश्रम द्वारा संचालित विविध सेवाप्रकल्प

पत्रिका ऑनलाईन उपलब्ध - jairamashram.org/publication jairamsandeshpatrika

❒ पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त चिन्तन से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं।

❒ पत्रिका के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के निस्तारण का न्याय क्षेत्र केवल हरिद्वार होगा।

❒ पत्रिका के सम्पादक एवं परामर्श-परीक्षक मण्डल के समस्त सदस्य पूर्णतया अवैतनिक हैं।

# ज्योतिर्लिङ्ग का वैदिक स्वरूप

प्रो० रामानुज उपाध्याय
श्री ला.ब.शा.रा.सं.वि.वि.
नई दिल्ली

भारतवर्ष का ही यह परम सौभाग्य है जहाँ पर निर्गुण निराकार अव्यक्त ब्रह्म भी सगुण साकार के रूप में अवतरित होकर अपने निरावरण चरणपदविन्यास एवं बाल सुलभ माधुर्य लीलाओं का साक्षात्कार कराकर संसार के जीवों को कृतकृत्य करता है। इसीलिए गोस्वामी श्री तुलसीदास जी कहते हैं-

**व्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुण विगत विनोद।**
**सो अज प्रेम भगति वस कौसल्या के गोद॥**[1]

श्रुति भी कहती है-

**स उ श्रेयान् भवति जायमानः।**[2]

किसी ऋषि की ब्रह्मदर्शन विषयिणी जिज्ञासा को शान्त करते हुए भगवान् वेद कहते हैं-**असौ वा आदित्यो ब्रह्म यो हि अहरहः पूर्वस्यां दिशि जायते।**[3] अर्थात् यह आदित्य ही ब्रह्म है जो प्रतिदिन पूर्व दिशा में उदित होता है। इस प्रकार सगुण साकार रूप के दर्शन एवं अर्चन की अभिलाषा स्वाभाविक ही हमें होती है। श्रीरामचरितमानस में काकभुसुंडि महर्षि लोमस के श्राप को सहर्ष स्वीकार किया परन्तु अपने सगुण रूप दर्शन पक्ष के हठ को नहीं छोड़ा। कहते हैं-

**भरिलोचन बिलोकि अवधेसा।**
**तब सुनिहउँ निर्गुण उपदेशा॥**[4]

अन्त में अयोध्या में जन्म के समय जाकर भगवान् श्रीराम के अनुपम शिशु रूप का दर्शन किया। इसी प्रकार वेदों में वर्णित अचिन्त्य अनन्त निर्विकार निर्गुण रुद्र ही ज्योतिर्लिङ्ग के रूप में सगुण साकार होते हैं जिनका दर्शन एवं अर्चन हम करते हैं। अव्यक्त का व्यक्त होना ही निगुण निराकार से साकार होना है। गोस्वामी जी कहते हैं-

**फूले कमल सोह सर कैसा।**
**निर्गुप ब्रह्म सगुन भय जैसा॥**[5]

मीमांसकों की दृष्टि से जो नित्यावाक् निगुणरूप से व्यापक है वही कण्ठ तालु मूर्धा आदि स्थानों से व्यक्त होती है। शब्द नये उत्पन्न नहीं होते हैं व्यक्त होते हैं-**व्यज्यतेऽसौ न जन्यते।**[6] अतः शब्द नित्य है इनकी दृष्टि में। यही वाक् ब्रह्म है जिसे- **"वाग्वै ब्रह्म"**[7] के रूप में हम देख सकते हैं।

ऋग्वेद में केवल तीन सूक्तों में रुद्र का वर्णन है। यहाँ रुद्र का स्थान अग्नि, इन्द्र आदि देवताओं की अपेक्षा बहुत ही कम महत्त्व का है, परन्तु यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में रुद्र का अधिक विस्तार एवं प्राधान्य देखा जाता है। पुराणों में और भी इसका विस्तार देखा जाता है।

वैदिक रुद्र ही भगवान् शिव हैं। शीङ् स्वप्ने धातु से शिव शब्द की सिद्धि होती है। **"शेरते प्राणिनो यत्र स शिवः"** अर्थात् अनन्त पाप तापो से उदिग्न होकर विश्राम के लिए प्राणी जहाँ शयन करते हैं। इसी सवाधिष्ठान सर्वाश्रय को शिव कहा गया है। इनके व्यापक स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है- **शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेय।** अर्थात् जाग्रत स्वप्नादि अवस्थाओं से रहित सच्चिदानन्दघन परब्रह्म ही शिवतत्त्व है। वह परमार्थतः निर्गुण निराकार होते हुए भी अपनी अचिन्त्य दिव्य लीलाशक्ति से सगुण साकार होकर शिवशक्ति के रूप में प्रकट होता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं-

**सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्तयः सम्भवन्ति याः।**
**तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता॥**[10]

अर्थात् सभी योनियों में जितने प्राणी उत्पन्न होते हैं उनकी योनि (उत्पन्न करने वाली) माता प्रकृति है और बीज प्रदान करने वाला शिव (लिङ्ग) पिता मैं ही हूँ।

तात्पर्य यह है कि निराकार निर्विकार व्यापक पुरुषतत्त्व का प्रतीक लिङ्ग है और अनन्त ब्रह्माण्डोत्पादिनी महाशक्ति प्रकृति ही योनि, अर्घा या जलहरी है। सृष्टि के

लिए प्रकृति पुरुष दोनों का सम्बन्ध अपेक्षित है। इसीलिए उपर्युक्त श्लोक में प्रकृति को परमात्मा की योनि कहा गया है। **"सतश्च योनि मसतश्च,**[11] **यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येकः,**[12] **तस्य योनिं परिपश्यन्ति धीराः"**[13] इत्यादि श्रुति वाक्यों से इसी का सूक्ष्म संकेत किया गया है।

श्रुति के अनुसार सृष्टि के आदि केवल शिव ही थे- **यदा तमस्तत्र। दिवा न रात्रिर्न सन्नचासन् शिव एव केवलः।**[14] इसी प्रकार ज्योतिर्लिङ्ग का सूक्ष्म संकेत करती हुई श्रुति कहती है-

**सर्वे ..............................................।**

काल विभाग उत्पन्न हुए। वही विद्युत् पुरुष ज्योतिर्लिङ्ग हुआ। उसका पार आदि अन्त मध्य कही से किसी को नहीं मिला। इसी स्वरूप की व्याख्या करते हुए आचार्य मनु कहते हैं-

**"तदण्डमभवद् हैमं सहस्रांशुसमप्रभम्।"**[16]

अर्थात् सूर्य के समान परम तेजोमय अण्ड उत्पन्न हुआ। इसे और अधिक स्पष्ट करते हुए शिवपुराण में कहा गया-

**तल्लिंगसंज्ञितं साक्षात्तेजो माहेश्वरं परम्।**
**तदेव मूलप्रकृतिर्माया च गगनात्मिका॥**[17]

लिंग शब्द का अर्थ कहते हुए कहा गया है- शिवशक्ति के चिह्न का सम्मिलन ही लिंग है जिसमें विश्वप्रसूतिकर्ता शिव की अर्चा करनी चाहिए। यह परमार्थ शिवतत्त्व का बोधक होने से भी लिंग शब्द से परिभाषित किया गया है। ईश्वरभाव माया से आवृत है पर शिवभाव अनावृत है। माया जलहरी है उसके भीतर आवृत (ढका हुआ) ईश्वर है तथा जलहरी के बाहर निकला हुआ शिवलिंग निरावरण शिव (ईश्वर) है। शिव के सम्बन्ध मात्र से प्रकृति स्वयं विकाररूप में प्रवाहित होती है। इसीलिए अर्घा गोल नहीं अपितु दीर्घ होता है। इसके मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु तथा ऊपर प्रणवात्मक शिव हैं।

**मूले ब्रह्मा तथा मध्ये विष्णुस्त्रिभुवनेश्वरः।**
**रुद्रोपरि महादेव प्रणवाख्यसदाशिवः॥**[18]

ज्योतिर्लिङ्ग में ज्योति शब्द से उस विश्वरूप परम तेज का संकेत श्रुति कहती है **"अत्रायं पुरुषः स्वयं ज्योतिः"**[19] जिसे गोस्वामी जी के शब्दों में-

**परम प्रकास रूप दिन राती।**
**नहि कछु चहिय दिया घृत बाती॥**[20]

जो प्रकाशस्वरूप दिव्य तेज सभी प्राणियों के हृदय में विद्यमान है वही दिव्य तेजोमय वपु शिव है। आधिदैविक रूप से विचार करने पर वेदों में रुद्र को अग्नि कहा गया है-**अग्निर्वै स देवः।**[21] **तस्यैतानि नामानि शर्ण इति। पशूनां पती रुद्रोऽग्निरिति तानि अस्याशान्तानि एवतेराणि।**[22] इस श्रुतिवाक्य के आधार पर रुद्र व अग्नि के प्रतीक है। अग्नि की शिखा ऊपर उठती है। अतः रुद्र के ऊर्ध्व लिंग की कल्पना की गई है। अग्नि वेदी के मध्य प्रतिष्ठित होती है अतः शिव अर्घा के मध्य में प्रतिष्ठित हैं। अग्नि में घृत की आहुति दी जाती है इसीलिए शिव के ऊपर जल से अभिषेक किया जाता है। **रुद्रो वै अग्निः।**[23] **त्वमग्ने रुद्रो..**[24] इत्यादि श्रुतिवाक्य इसमें प्रमाणभूत हैं।

उपर्युक्त इन्हीं कारणों से ज्योतिर्लिङ्ग में ज्योति पद को सन्निवेश किया गया है जो भगवान् शिव के सर्वरूप तेजोमय सगुण विग्रह की ओर इंगित करता है।

इस प्रकार अत्यन्त समास शैली में भगवान् शिव के ज्योतिर्मय विग्रह का संकेत करते हुए-

**ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं कृष्णपिंगलम्।**
**ऊर्ध्वरेतं विरुपाक्षं विश्वरूपाय वै नमः॥**[25]

विश्वरूप भगवान् शिव को प्रणाम करता हूँ।●

**सन्दर्भ सूची-**


1. श्रीरामचरितमानस-1/198
2. पा.गृ.सू.-2/3/9
3. शतपथब्राह्मण-14/2/17
4. श्रीरामचरितमानस, उत्तरकाण्ड-110/7
5. श्रीरामचरितमानस, किष्किन्धाकाण्ड-17/1
6. जैमिनीय न्यायमाला, शब्दनित्यत्वाधिकरण
7. तैत्तिरीय आरण्यक-2/5
8. ऋग्वेद-1/114, 2/33, 7/46
9. माण्डूक्योपनिषद्-7
10. श्रीमद्भगवद्गीता-14/4
11. शुक्ल यजुर्वेद-13/3
12. श्वेताश्वतरोपनिषद्-4/11
13. यजुर्वेद, अध्याय-31
14. ऋग्वेद-10/129/1
15. यजुर्वेद-32/2
16. मनुस्मृति-1/9
17. शिवमहापुराण-17/22
18. लिंगपुराण, पृष्ठ-209
19. बृहदार० उपनिषद्-4/6/9
20. श्रीरामच.मा., उत्तर.-120/3
21. शतपथब्राह्मण-3/1/3
22. शतपथब्राह्मण-1/7/3/8
23. ऋग्वेद-2/1/6
24. अथर्ववेद-7/83
25. तैत्तिरीय आरण्यक-3/2

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritsahityasammelan@gmail.com

ISSN 2395-3055

मई, 2022 ₹ 25

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः

# Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)



अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि0)
संस्कृत भवन, ए–10, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली – 110067

वर्ष : 8 अंक : 12 ( 96 )

● विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः
## Sanskrit Ratnakar
(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

| | | |
|---|---|---|
| स्वामित्व | : | अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि.) |
| अध्यक्ष | : | प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय<br>अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन |
| प्रधान सम्पादक (पदेन) | : | रमाकान्त गोस्वामी |
| सम्पादक | : | प्रो. शिवशङ्कर मिश्र |
| शोधपत्रपरीक्षक मण्डल | : | प्रो. केदार प्रसाद परोहा (नई दिल्ली)<br>प्रो. रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर)<br>प्रो. रामसलाही द्विवेदी (नई दिल्ली)<br>प्रो. रामनारायण द्विवेदी (काशी)<br>प्रो. विनय कुमार पाण्डेय (काशी) |
| व्यवस्थापक मण्डल | : | आर. एन. वत्स 'एडवोकेट' |
| ग्राफिक डिजाईनर | : | विश्वकर्मा शर्मा |
| संपादकीय कार्यालय | : | संस्कृत भवन, ए-10, अरुणा आसफ अली मार्ग, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-67 |
| संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक | : | रमाकान्त गोस्वामी, महासचिव, अ.भा.सं. सा.स. |
| दूरभाषा | : | 011-41552221, मो.- 9818475418 |

*Website : aisanskritsahityasammelan.com*

*E-mail : sanskritsahityasammelan@gmail.com*

नियम एवं निर्देश :-

1. संस्कृत-रत्नाकरः में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने व्यक्तिगत विचार हैं। इसके लिए "संस्कृत-रत्नाकरः" जिम्मेदार नहीं है।
2. प्रकाशितशोधसामग्री लेखकस्यास्ति अतः लेखस्य मौलिकतादिविषये सम्पूर्णं दायित्वं लेखकस्य भविष्यति न तु सम्पादकस्य न वा प्रकाशकस्य।



## सम्पादकीयम्

• संस्कृतं संस्कृतिश्चैव श्रेयसे समुपास्यताम्।
• संस्कृतिः संस्कृताश्रिता।

विश्वस्य समेषां राष्ट्राणां भवति काचिद् राष्ट्रगौरवभूता स्वकीया राष्ट्रभाषा, यस्यां विराजते राष्ट्रस्य माहात्म्यम्, राष्ट्रीया संस्कृतिः, राष्ट्रीया परम्परा, राष्ट्रीयचिन्तनञ्च। सर्वाण्यपि राष्ट्राणि स्वकीयया मातृभाषया नितान्तं स्निह्यन्ति। स्वभाषासम्भाषणे, स्वभाषालेखने, स्वभाषापठने-पाठने च आत्मगौरवमाकलयन्ति। किमधिकं स्वभाषासंरक्षणाय आत्मानमपि समर्पयन्ति, परञ्चस्माकं देशे शासकानां नास्ति तादृशी मतिः, न वा भारतीयानां यूनां तादृक् भाषाप्रेम। केवलमर्थलाभाय यतन्ते तदर्थं कापि भाषा भवेत् कापि विद्या भवेत्, किमपि साधनं भवेत् किमपि वा आचरणं भवेत् सर्वमौदार्येणोररीकुर्वन्ति। वस्तुतः विश्वेऽस्मिन् विकसितानि यानि खलु राष्ट्राणि तानि स्वकीयं साहित्यवैभवम्, स्वकीयं ज्ञानविज्ञानम्, स्वकीये संस्कृतिपरम्परे च स्वभाषया प्रकाशयन्ति। जर्मनदेशे जर्मनभाषया, फ्रांसदेशे फ्रेञ्चभाषया, जापानदेशे जैपनीजभाषया, चीनदेशे चीनीभाषया एवमेव अन्येष्वपि देशेषु स्वभाषया एव व्याख्यायते समग्रं तकनीकिज्ञानविज्ञानम्। अत्र भारते न तथा, कियद्दौर्भाग्यमस्माकम्? समासां भाषाणां जननीभूता, विश्ववैर्वन्दिता सती अस्माकं संस्कृतभाषा अस्माभिः नाद्रियते, नास्त्यस्माकं संस्कृतं प्रति समवेतश्रद्धा न वा हिन्दीभाषां प्रत्यैकमत्यम्, अपितु तत्तत्क्षेत्रीयाः तमिल-तेलगु-कन्नड-मलयालम-उडिया-बंग-असमिया-मणिपुरी प्रभृति भाषा एवाद्रियन्ते येन न भवति अखण्डराष्ट्रैक्यबोधः। अतोऽपेक्ष्यते यदस्माकं देशस्यापि काचित् सर्वस्वीकार्या भाषा भवेद्यया अस्माकं समग्रं प्राचीनतममाधुनिकञ्च भारतीयं ज्ञानविज्ञानं व्याख्यायितं भवेत्। अस्याः भावनायाः सम्पूर्तिः संस्कृतभाषया एव सम्भवति यतः संस्कृतं समासां भारतीयभाषाणां जननी, अत्र निहितमनन्तं ज्ञानसम्पदतः संस्कृतस्य राष्ट्रभाषारूपेण संस्थापनं यदि भवेत्तर्हि विश्वे भाषादृष्ट्या भारतस्य महत्त्वमभिवर्द्धेत्।

**भाषासु मधुरा मुख्या, दिव्या गीर्वाणभारती।**
**तस्यां हि काव्यं मधुरं, तस्मादपि सुभाषितम्॥**

**प्रो. शिवशङ्करमिश्रः**, शोधविभागाध्यक्षः
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

# विषय सूची

**03** | वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण चेतना - प्रो. रामानुज उपाध्याय





**07** | Environmental Protection: Modern Science and Technology - Dr. Indrakant K. Singh, Shradheya R.R. Gupta

**10** | पण्डितराजजगन्नाथ प्रो. राघावल्लभयोः.. - सतीश नौटियालः



**13** | जैनधर्म में ज्योतिषीय.... - विजय गुप्ता



**17** | संस्कृतवाङ्मय में नैतिक अभ्युदय - शुभदीप घोष





**20** | संस्कृत वाङ्मय में निहित... - अंकित भट्ट एवं प्रो. सुरेंद्र कुमार





# वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण चेतना

**प्रो. रामानुज उपाध्याय**
विभागाध्यक्ष, वेदविभाग
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

व्याकरण की दृष्टि से परि एवं आङ् उपसर्गपूर्वक वृञ् वरणे धातु से ल्युट् प्रत्यय होकर पर्यावरण शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ **"परितः आवृणोति यत् तत् पर्यावरणम्"**। अर्थात् चारोंओर से जिन प्राकृततत्वों के द्वारा हम आवृत है उसे पर्यावरण कहते हैं। इसप्रकार पर्वत, नदी, उपवन, वृक्ष, औषधि, लता, पुष्प, फल, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि प्राकृतिक तत्त्व ही हमारे पर्यावरण हैं। इनसे ही हम आवृत हैं (ढके हैं) अतः ये हमारे पर्यावरण हैं। इस पर्यावरण का मूल आधार प्रकृति है और वह प्रकृति भी किसी के निर्देशन में कार्य करती है। **मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।**[1] यह श्रीमद्भगवत् गीता में श्रीभगवान् कृष्ण की उक्ति है। भगवान का दर्शन इस लौकिक नेत्रों से संभव तो नहीं है परन्तु ईश्वररूपा प्रकृति का दर्शन हम इन नेत्रों से कर सकते हैं। इसीलिए वेदों में प्रकृति को देवता माना गया है।

वस्तुतः (ससीम) सीमीत पदार्थ ही असीम तत्त्वों से चारों ओर से घिरा होता है। इसीलिए हम जीव ससीम है तथा ईश्वर असीम हैं। इसीलिए भगवती श्रुति कहती हैं- **ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्**[2] अर्थात् यह समस्त स्थावर जंगमात्मक जो जगत् है वह ईश्वर से ढका है। 'वास्यं'

ISSN 2395-3055

का अर्थ **'आच्छादितम्'** है। इसीलिए अपने व्यापक रूप का परिचय देते हुए भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं- **मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनञ्जय।**[3] तथा- **स भूमिं सर्वतो वृत्वा अत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्**[4] यह श्रुति कहती है। इसप्रकार भी निष्कर्ष रुप से पंचमहाभूत रूप प्रकृति ही हमारा पर्यावरण है। हम प्रभावित इसलिए होते हैं कि इन्ही पंचमहाभूतों से निर्मित यह शरीर है- जैसा कि श्री गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं- **क्षिति जल पावक गगन समीरा। पंच रचित यह अधम शरीरा।**[5] अतः अपने कारणभूत तत्त्वों के विकृत होने पर भी यह शरीर विकृत होता है तथा अविकृत होने पर स्वस्थ होने का अनुभव करता है। प्रकृति से उत्पन्न होने के कारण ही हमें प्रकृति की गोद में आनन्दानुभव होता है। कार्य अपने कारण को प्राप्त कर कृतकृत्य हो जाता है। जैसे नदियाँ अपने कारण भूत समुद्र को प्राप्त कर आज भी प्रकृति दर्शन के लिए लोग विविध यात्रायें करते हैं तथा प्राप्त होने पर आनन्द का अनुभव करते हैं। वेदान्त[6] प्रक्रिया के अनुसार पञ्चतन्मात्राओं (शब्द-स्पर्शरूपरसगन्ध) से स्थूलशरीर की उत्पत्ति होती है जिससे हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ तथा कर्मेन्द्रियाँ इन बाह्यविषयों शब्द स्पर्श आदि को ग्रहण करती है। इनके गुण दोषों से प्रभावित होकर ही मन अपने को सुख-दुखादि का अनुभव करता है। क्योंकि- **"सुखाद्युपलब्धिसाधनमिन्द्रियं मनः"**[7] यह मन का लक्षण है। इसप्रकार जीव को सुखी या दुखी करनेवाले ये पंचमहाभूतरूप पर्यावरण ही प्रधान काण हैं। संभवतः इसी दृष्टि से सृष्टि के पूर्व प्रलयावस्था का वर्णन करते हुए नासदीयसूक्त में पर्यावरण का संकेत इस प्रकार है- **किमावरीवः कुहुकस्य शर्मन्? अम्भः किमासीत् गहनं गभीरम्**[8]। अर्थात् प्रलयकाल में न सत था, न असत् था, उस समय आवरण करने वाला कौन था? उसका आश्रय क्या था? इसके उत्तर में कहा गया- **आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परं किंच नास।**[9] अर्थात् वायु से रहित उस दशा में अकेला ब्रह्म ही अपनी शक्ति के साथ अनुप्राणित हो रहा था उससे परे अन्य कोई भी तत्त्व नहीं था।

यहाँ आवरीवः पद में पर्यावरण शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं धातु सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर दिख रहे हैं। इसकी व्याख्या करते हुए आचार्य कहते है- **तत्र आवरकत्वेन पुराणेषु प्रसिद्धानि यानि वियदादिभूतानि तेषामवस्थानप्रदेशं तदावरणनिमित्तं किमावरणीयं तत्त्वम् आसीत्।** इस प्रकार यहाँ उसी पंचमहाभूततत्त्वरूप पर्यावरण की चर्चा वेद में प्रस्तुत की गई है। ईश्वर के द्वारा प्रदत्त इस सुरक्षा कवच को सुरक्षित रखने का दायित्व हमारा है। क्योंकि इनसे हम भी सुरक्षित है।

पर्यावरण प्रदूषण की समस्या आज सर्वत्र है अतः इसके संरक्षण के लिए विविध प्रकार के प्रकल्प, राज्य या केन्द्रसरकारों के द्वारा अनुष्ठित हो रहे हैं। यह दूषित कैसे हुआ? यह तो सर्वविदित है परन्तु इसका संरक्षण कैसे हो? यह चिन्तनीय है। आकाश आदि स्वरूपतः निर्मल होते हुए भी कैसे विकृत होते हैं एक उदाहरण से इसे स्पष्ट करते हैं- आकाश का सम्बन्ध शब्द से **"शब्दगुणकमाकाशम्"**, शब्द का सम्बन्ध कर्ण से है। अर्थात् कर्णेन्द्रिय से हम शब्द श्रवण करते हैं। आज विविध वैज्ञानिक उपकरणों, ध्वनिविस्तारकयन्त्रों के अनपेक्षित ध्वनि के कारण यह प्रदूषण बढ़ा, जिसके कारण आकाश प्रभावित हुआ तथा इसका प्रभाव हमारे हृदय की गति पर पड़ता है। गति अनियमित हो जाती है। इस प्रकार इस प्रदूषण से हृदय रोग उत्पन्न हुए। बधिरता आदि रोग भी इसी के कारण होता है। जिसका प्रत्यक्ष अनुभव हमलोग अनुदिन कर रहे है।

## वायु

**रूपरहित स्पर्शवान् वायुः**[10]। इस लक्षण के अनुसार पृथिवी एवं आकाश के मध्य यह संचरणशील प्राणवायु है। जब तक यह वायु है तभी तक प्राण है। इसके विकृत होने पर स्वच्छ वायु के अभाव में व्यक्ति संकटापन्न हो जाता है। इस प्राणवायु के कारण ही हमें प्राणी कहा जाता है जैसा कि महाकवि कालिदास ने कहा- **यया प्राणिनः प्राणवन्तः।**[11] अर्थात् हमारे शरीर में जो क्रियाये होती हैं उनके मूल में प्राणवायु ही है। इनके दूषित होने के विविध कारण है जैसे- विविध प्रकार के वाहनों से निर्गत धूम, विषाक्त तैलीयपदार्थ, रासायनिकगैस, अधिक जनसंख्या होने से तथा वृक्षों एवं उपवनों के अभाव ये सभी वायुदूषित होने में कारण है। इसके संरक्षण के लिए वेदों में वायु को अन्तरिक्षस्थानीय देवता के रुप में पूज्य माना गया है। विविध सूक्तों के द्वारा इनकी स्तुति की गई है। वेदों में बहुधा इनके प्रति कर्तव्य भाव से प्रार्थना की गई है-

**शिवा आपः सन्तु शिवा ऋतवः सन्तु शिवा ओषधयः**
**सन्तु शिवा वनस्पतयः सन्तु अहोरात्रे शिवे स्याताम्**[11]।

**तन्नो वातो मयोमुन्नातु भेषजं**

अर्थात् वायु हमारे लिए सुखप्रद हो । रोगनाशक औषधियों को लेकर हमारे पास प्रवाहित हो।

**वात आ वातु भेषजं शम्भु मयोभू नो हृदे।**
**प्रण आयूँषि तारिषत्।**[13]

अर्थात् शुद्ध वायु हमारे लिए औषधरूप है। हृदय के लिए शान्ति एवं आरोग्य प्रदान करने वाला है। हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वेदों में बार-बार यह उद्घोष किया गया है-

**ओषधे त्रायस्व, स्वधिते मा एनं हिंसी ।**[14]

अर्थात् हे ओषध तुम हमारी रक्षा करो। हे शस्त्र! तुम इनकी हिंसा न करो। **"अतस्त्वं देव वनस्पते शतवल्शो विरोह**


ISSN 2395-3055

**सहस्रवल्शा वि वयं रुहेम**[१५]।" अर्थात् हे वनस्पति देव! तुम्हारी शाखाओं की वृद्धि सतत होती रहे तुम अनन्तरूपता को प्राप्त करो।

वनस्पतियों को चेतन तत्त्व मानते हुए वेदों में उन्हें रुद्र के रूप में बार-बार प्रणाम किया गया है।

**नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशेभ्य:, नमो वनस्पतिभ्य:।**[१६]

इन्हे रुद्र कहने का अभिप्राय यह है कि रुद्र के दो स्वरुप हैं घोर एवं अघोर **"या ते रुद्र शिवातनूरघोरापापकाशिनी:**[१७]**. ................**। घोर रुप इसलिए है कि जिस प्रकार विषपान करने से रुद्र को नीलकण्ठ कहा गया, उसी प्रकार वायुमण्डलीय विविध प्रकार के जहरीली गैसों का पान करके भी ये वृक्ष हमें प्राणत्त्व प्रदान करते हैं। इनके असन्तुलन होने से ये शान्तवपु से रौद्रवपु हो जाते हैं। इनकी प्रार्थना करते हुए कहा गया है- **देवो देवैर्वनस्पतिर्हिरण्यपर्णोमधुशाख: सुपिप्पल-देवमिन्द्रमवर्धयत्**।[१८] हरितपत्रों से युक्त स्वादिष्टफलों से पूर्ण वनस्पतिदेव को प्रणाम है।

वन उपवन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। पुराणों में इनका अधिक विस्तार से वर्णन है।

इनके संरक्षण के लिए वेद की आज्ञा है- **मापोमौषधी-र्हसीर्धाम्नोराजँस्ततो वरुण नो मुञ्च**। अर्थात् राजा को संदेश देते हुए यह कहा गया कि प्रत्येक राज्य में जल एवं वनस्पतियों का सतत् संरक्षण हो। अक्षरश: इसी का अनुवाद महाकवि कालिदास- **प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिव:**' अपने इस मंगलसंदेश में करते हैं।


वैदिक संस्कृति में हमारे जीवन के चार आश्रमों में तीन आश्रम ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं सन्यास, उपवन में ही व्यतीत होते थे। प्रकृति के प्रति आदर और स्नेह की परम्परा अत्यन्त प्राचीन काल से है। जीवन में त्याग परोपकार-पावनता, आदि सद्‌गणों की शिक्षा वृक्षों से मिलती है।

**पश्यैतान् महाभागान् परार्थैकान्तजीवितान् ।**
**वातवर्षातपहिमान् सहन्ते वारयन्ति न: ॥**[१९]

## जल-तत्त्व

जल ही जीवन है। जन्म से लय पर्यन्त जो सर्वाधिक उपयोगी है वही जल है। वेद के ऋषि कहते हैं - **आपो अस्मान् मातर:**[२०] यह माता के समान हितकारी है। **यो व: शिवतमो रस: तस्य भाजयते हि न: उशतीरिवमातर:**।[२१] ये अमृत तुल्य जल सर्वदा हमारे लिए हितकारी हो। वेद में जल प्रदूषण को दूर करने के लिए पर्यावरणीय जीवों की चर्चा की गई है-

**उपज्मन्नुपवेतसेवतरनदीष्वा ।**
**अग्ने पित्तमपामसिमण्डूकिताभिरागहि।**[२२]



इस मन्त्र में जलीय शैवाल मेढ़क कच्छप आदि के द्वारा जल को पवित्र करने का विधान वर्णित है। महाकवि कालिदास- **सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापिरम्यम्**[२३] कहकर शैवाल का संकेत करके मानों वैदिक पर्यावरण चेतना की ओर इंगित करते हो।

**स्योना पृथिवि वो भवा नृक्षरा निवेशनी ।**
**यच्छा न: शर्म सप्रथा:॥**[२४]

इस मन्त्र में पृथिवी तत्त्व की सुरक्षा के लिए देवता के रूप में उसकी प्रार्थना की गई है कि वह हमें सुखपूर्वक निवास करने की शक्ति पृथिवि दवेयजन्योषध्यास्ते मूल मा हिंसी।[२५] हे देवयजनरूपा भूमि! मैं तुम्हारी औषधियों को देवयजन के लिए ही ग्रहण करता हूँ मूल (जड़) को नष्ट नहीं करता हूँ। उपर्युक्त मन्त्र में पृथिवी का एक विशेषण अनृक्षरा है जिसका अर्थ कंटक एवं विविध रोगोपद्रव एवं आयुरारोग्य की वृद्धि करनेवाली पृथिवी है। अत: इसके लिए प्रार्थना की गई है, जो पृथिवी के सार्वभौम गुण को व्यक्त करती है ऋचा यजुर्वेद के दूसरे मन्त्र में यह कहा गया है-

**कार्षिरसि समुद्रस्य त्वा क्षित्या उन्नयामि ।**[२६]

ISSN 2395-3055

समुद्रपर्यन्त जो भूमि है वह शस्यश्यामला रूप को प्राप्त करे तथा विविध औषधियों से हम जीवों की रक्षा करें। यहाँ अन्न को भी ओषधी कहा गया है फलपाकान्ता होने के कारण। अत: व्रीहयश्च इस मन्त्र में १२ प्रकार के ओषधिरूप अन्नों का वर्णन किया गया है। ये अन्न हमारे आरोग्य की वृद्धि करे तथा हमें दीर्घायु करें। भूरसि भूमिरसि- अर्थात् हे पृथिवी तुम समस्त सुखों को देनेवाली तथा समस्त विश्व को पुष्ट करने वाली हो।

**यत्ते भूमि निखनामि क्षिप्रं तदपि रोहतु ।**
**मा ते विमृग्वरि मा ते हृदयमर्पिषम् ॥**[२७]

हे भूमिमाता! कृषिकार्य के लिए तुम्हारे जिस भाग को खोदता हूँ वह शीघ्र ही पूर्ण (भर) हो जाय। हे क्षमाशील माता खोदते समय प्रहारजन्य जो कष्ट हुआ उसके लिए हम क्षमा माँगते हैं।

**गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तोऽरण्य ते पृथिवि नमोऽस्तु।**[२८]

श्रीमद्भागवत में भगवान् श्रीकृष्ण ने स्वयं यमुना जी के विषाक्त जल को शुद्ध किया। तृणावर्त रूप प्रदूषितवायु को शुद्ध किया । दूषितअग्नि की प्रचंड ऊष्मा का स्वयं पान किया। यह पर्यावरण संरक्षण के सिद्धान्त को ही पोषक हैं।

इस प्रकार वैदिक वाङ्मय में सर्वत्र पंचमहाभूत रूप देवता की उपासना के रूप में पर्यावरण की सुरक्षा एवं इसके महत्त्व को द्योतित किया गया है।

**निष्कर्ष** - मनुष्य भी कभी अपने को विशिष्ट प्राणी न मानकर प्रकृति का अंग समझता था। मनुष्य को प्रकृति के रहस्यों ने आकृष्ट किया और अग्नि-वायु आदि में देवता की प्रतिष्ठा होने लगी और वे पूज्य और पवित्र माने गये । इनके प्रति आदर और सम्मान का भाव रखते हुए वैदिक ऋषियों ने इनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, ये कार्तज्ञ भाव ही भिन्न-भिन्न ऋषियों के द्वारा सूक्तों के माध्यम से प्रकट हुए। प्रकृति के उपयोग को सीमित एवं नियन्त्रित करते हुए त्याग पूर्वक भोग की नीति अपनाई गई। जैसा की ईशोपनिषद् में कहा गया -

**ईशावास्यमिदं सर्वं यत् किञ्च जगत्यां जगत् ।**
**त्येन त्यक्तेन भुञ्जीथा: मा गृध: कस्यस्विद्धनम्॥**[२९]

कालक्रम से धीरे धीरे बुद्धि-स्मृति एवं भाषा के विकास और अपने कार्यों के परिणामों से चमत्कृत हुए मनुष्य की दृष्टि में परिवर्तन प्रारम्भ हो गया। बुद्धि-वैभव बढ़ने के साथ अपनी उपलब्धि पर इतराते हुए मनुष्य ने अपने को प्रकृति का स्वामी समझ बैठा। प्रकृति में उपलब्ध कोयला- पेट्रोलियम आदि पदार्थों और विभिन्न गैसों ने ऊर्जा के ऐसे स्रोत प्रदान किये कि मनुष्यों की लोभवृत्ति प्रकृति के शोषण की तरफ बढ़ती गई। मनुष्यों ने यह सोचा के प्रकृति निर्जीव है, अनन्त और अपरिमित ऊर्जा का स्रोत है। आज विकास के नाम पर वन-पर्वत-घटी -पठार-मरुस्थल-झील-सरोवर- नदी जैसी रचनाओं को मनुष्य ध्वस्त करते जा रहे है। जिसके कारण प्रकृति असन्तुलित होकर अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, भुस्खलन, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत हो रही है। आज पेड़ कट रहे है और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल मैदानों पर ही नहीं पहाड़ों पर भी शोभिता हो रही है। जीवन की प्रक्रिया से इस प्रकार की क्रिया अक्षम्य अपराध हैं। पर विकास के चश्में में कुछ साफ नही दिखाई पड़ता। इस प्रकार प्रकृति हमारी सञ्जीवी है। प्रकृति के बिना हम जीवन धारण नहीं कर सकते हैं। इसीलिये प्रकृति की सुरक्षा के लिये ही वेदों में इन्हें देवता के रूप में माना गया है। इनकी सुरक्षा से ही हम सुरक्षित रह सकते है। इनकी सुरक्षा ही हमारी सुरक्षा है।

## स्रोत एवं संदर्भ सूची -


१. श्रीमद्भगवद्गीता ८-१०
२. ईशोपनिषद्-१
३. श्रीमद्भगवद्गीता ७-७
४. पुरुषसूक्त
५. श्रीरामचरितमानस
६. वेदान्त सार पञ्चीकरण प्रक्रिया
७. तर्कसंग्रह १८-सूत्र संख्या
८. नासदीय सूक्त १०-१२९-१
९. नासदीय सूक्त १०-१२९-२
१०. तर्कसंग्रह १२-सू. सं.
११. श.१
११. ग्र. शान्ति पृष्ठ सं. ३०
१२. यजुर्वेद २५-१७
१३. ऋग्वेद
१४. यजुर्वेद ६-१५
१५. यजुर्वेद ५-४३
१६. यजुर्वेद १६-१७
१७. यजुर्वेद १६-२
१८. यजुर्वेद २१-५६
१९. श्रीमद्भागवत्, १०-२२-३७
२०. यजुर्वेद ४-२
२१. यजुर्वेद ४-५१
२२. यजुर्वेद १७-६
२३. अ. शा. - अं. १-१९
२४. यजुर्वेद ३६-१३
२५. यजुर्वेद १-२५
२६. यजुर्वेद ६-२८
२७. अथर्व. सं. १२-१-३५
२८. अथर्व. सं. १२-१-१९
२९. ईशोपनिषद् १-१



ISSN 2395-3055